भारत सरकार

सड़क परिवहन और राजमार्ग मंत्रालय

लोक सभा

लिखित प्रश्न सं. 1859

जिसका उत्तर 28.07.2022 को दिया जाना है

सड़क परियोजनाओं का बीमा

1859. श्री फ़िरोज वरुण गांधी:

क्या **सड़क परिवहन और राजमार्ग** मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि:

(क) क्या सरकार का विचार पूरे देश में सड़क परियोजनाओं का बीमा करने का है;

(ख) यदि हां, तो कार्यान्वयन प्रक्रिया के साथ बीमा पॉलिसी का ब्यौरा क्या है;

(ग) क्या हिट एंड रन मामलों के पीड़ितों को मुआवजा देने के लिए सरकार को कोई तंत्र है और यदि हां, तो तत्संबंधी ब्यौरा क्या है; और

(घ) 2015-2020 की अवधि के दौरान ऐसे कितने मामले दर्ज किए गए और हिट एंड रन मामलों के दुर्घटना पीड़तों को कितनी धनराशि संवितरित की गई?

उत्तर

सड़क परिवहन और राजमार्ग मंत्री

(श्री नितिन जयराम गडकरी)

(क) से (ख) राजमार्ग विकास परियोजनाओं में ठेकेदार द्वारा इसकी अपनी लागत पर विभिन्न बीमा किए जाने का प्रावधान है। अनुबंध के प्रावधान के अनुसार, ठेकेदार/रियायतग्राही को निर्धारित तिथि से पूर्णता प्रमाण पत्र जारी करने की तिथि तक किसी भी नुकसान और क्षति के लिए निम्नलिखित बीमा बनाए रखना आवश्यक है।

(i) कार्यों, संयंत्रों और मशीनरी का बीमा

(ii) ठेकेदार के उपकरण और दस्तावेजों का बीमा

(iii) ठेकेदार की दोष देयता के लिए बीमा

(iv) व्यक्तियों को चोट और संपत्ति को नुकसान के विरूद्ध बीमा।

(ग) से (घ) मोटर वाहन (संशोधन) अधिनियम, 2019 के तहत धारा 161 (जैसा कि संशोधित है) ने हिट एंड रन मोटर दुर्घटना के मामले में मुआवजे को गंभीर चोट के लिए 12,500/- रुपए से 50,000/- रुपए तक और मृत्यु के मामले में 25,000/- रुपये से 2,00,000/- रुपए तक का प्रावधान किया। मंत्रालय ने 25 फरवरी, 2022 की अधिसूचना सा.का.नि. 163 (अ) के तहत हिट एंड रन मोटर दुर्घटना योजना, 2022 के पीड़ितों को मुआवजे के रूप में एक नई योजना अधिसूचित की है। इस योजना का कार्यान्वयन अखिल भारतीय है। मंत्रालय ने मोटर वाहन दुर्घटना कोष के निर्माण, संचालन और स्रोतों के संबंध में अधिसूचना सा.का.नि. 162 (अ) दिनांक 25 फरवरी, 2022 के तहत नियम भी प्रकाशित किए हैं, जिनका उपयोग हिट एंड रन दुर्घटनाओं के मामले में मुआवजा प्रदान करने, दुर्घटना पीड़ितों

के इलाज और कोई अन्य उद्देश्य, जैसा कि केंद्र सरकार द्वारा निर्दिष्ट किया जा सकता है, के लिए किया जाएगा।

2015 से 2020 की अवधि के दौरान देश में हिट एंड रन की श्रेणी में हुई कुल सड़क दुर्घटनाओं की संख्या नीचे तालिका में दी गई है।

टकराव का प्रकार	2015	2016	2017	2018	2019	2020
हिट एंड रन	57083	55942	65186	69822	57987	52448

*****